आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को जनता द्वारा उठाए गए मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बकाया यातायात के ई–चालान की वसूली में सुधार के लिए विचार करने को कहा है।
3. राज्य परिवहन सेवा की ओर से श्री विजयपुरम से मिडिल स्ट्रेट तक दैनिक एसी डीलक्स बस सेवा का संचालन किया जा रहा है।
4. पटाखों की खुदरा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस आवेदन जमा करने हेतु ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल 12 अक्तूबर तक खुला रहेगा।

<><><><><><><><>

मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की। बैठक के दौरान, उपराज्यपाल ने जी.बी. पंत अस्पताल के अपने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने और डॉक्टरों की कमी को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम में जनता द्वारा उठाए गए मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का भी निर्देश दिया।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान कल दूसरे दिन शहीद द्वीप में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लक्ष्मणपुर बीच की स्वच्छता का निरीक्षण तथा समीक्षा की। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता सुनिश्चित करने में ग्राम पंचायत की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी बल दिया, ताकि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बना रहे। उपराज्यपाल ने पर्यटन विभाग को इको–हट्स, आगंतुकों के लिए बेंच, साइनबोर्ड और अन्य बुनियादी पर्यटक सुविधाएं स्थापित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने स्थानीय निवासियों के साथ भी बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने और यात्रा के दौरान जारी निर्देशों का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बकाया यातायात के ई–चालान की राशि की वसूली में सुधार के लिए, बिजली बिलों से जोड़ने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने यह भी सुझाव दिया कि लंबित चालान का भुगतान होने तक वाहन पंजीकरण के नवीनीकरण, स्वामित्व हस्तांतरण, फिटनेस और पीयूसी प्रमाणपत्र तथा ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण पर रोक लगाई जाए। साथ ही, न्यायालय ने परिवहन पोर्टल पर लंबित चालान वाले वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने का भी सुझाव दिया है। लगातार चालान का भुगतान नहीं करने की स्थिति में वाहन जब्त करने की संभावना पर भी विचार करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी की ओर से पूरे द्वीप समूह में निःशुल्क योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागियों से योग कक्षाओं में शामिल होकर लाभ उठाने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नंदिनी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'एएनसी सिल्वर जुबली हाफ मैराथन' का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न श्रेणियों के तहत एक हजार पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। दौड़ को कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल विनीत मैक्कार्टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना

किया। समापन अवसर पर उन्होंने विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

<><><><><><><>

एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बेरोजगार युवाओं के लिए 2 अक्टूबर से 'खाद्य प्रसंस्करण – केक, पेस्ट्री और बेकरी उत्पाद निर्माण' पर 38 दिनों का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है। संस्थान ने इच्छुक उम्मीदवारों, विशेष रूप से आदिवासी समुदायों, बीपीएल परिवारों और एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह के उम्मीदवारों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने को कहा है। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई आरसेती से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन सेवा की ओर से आम जनता और पर्यटकों की सुविधा के लिए श्री विजयपुरम से मिडिल स्ट्रेट तक दैनिक एसी डीलक्स बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। यह बस सेवा श्री विजयपुरम से सुबह 4 बजे रवाना होती है और लगभग सुबह साढ़े सात बजे मिडिल स्ट्रेट पहुंचती है। अपनी वापसी यात्रा मे यह बस मिडिल स्ट्रेट से श्रीविजयापुरम के लिए दोपहर बाद 3 बजे प्रस्थान करती है। यात्री एटीआर टिकटिंग के एटीएस पोर्टल के माध्यम से यात्रा की तिथि से 10 दिन पूर्व तक अग्रिम टिकट बुकिंग की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

दिवाली के दौरान आतिशबाजी और पटाखों की खुदरा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन जमा करने हेतु अंडमान एवं निकोबार प्रशासन का ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल खुला रहेगा। इच्छुक व्यक्ति 12 अक्तूबर तक ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अस्थायी लाइसेंस प्रदान करना निर्धारित लाइसेंसिंग, साइट, अग्निशमन सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और अन्य लागू वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगा। सभी इच्छुक नागरिकों से निर्धारित अवधि के भीतर अपने आवेदन जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने कम्प्यूटर असिस्टेंट के एक, जूनियर लेबोरेटरी असिस्टेंट और फील्ड असिस्टेंट के दो–दो पदों पर चयनित उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता और प्रतीक्षा सूची जारी कर दी है। इन पदों पर नियुक्ति अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी। चयनित उम्मीदवार विभाग से अपने नियुक्ति पत्र कल तक प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से 'स्ट्रॉन्गर टुगेदर' विषय के साथ कल पूरे द्वीपसमूह में विभिन्न स्थानों पर विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों, एंटी–रेबीज टीकाकरण शिविरों और पशु जन्म नियंत्रण ऑपरेशनों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम पशु चिकित्सा अस्पताल, जंगलीघाट में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. बर्धन, पशुपालन विभाग के निदेशक और पशु चिकित्सा अधिकारियों ने रेबीज के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उधर, पशु चिकित्सा अस्पताल, कार निकोबार में छात्रों के लिए रेबीज जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, आईटीआई के दो छात्रों को 'बेजुबानों का संरक्षक' के रूप में नामित किया गया। जिला उपायुक्त अमित काले ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत किसानों को मुफ्त चूजे भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस और स्वच्छता ही सेवा के तहत मध्योत्तर अंडमान जिले में जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान आयोजित कर जिले भर में 26 विभिन्न स्थानों पर एक साथ चलाया गया। मायाबंदर के बालूडेरा समुद्र तट मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने विभिन्न संबंधित विभागों के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, उपायुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता केवल कभी–कभार चलाए जाने वाले अभियानों या निर्दिष्ट सार्वजनिक स्थानों तक ही सीमित

न रहकर जीवन जीने का एक तरीका और एक साझा जिम्मेदारी बनाना चाहिए, जो समुद्र तटों और पर्यटन स्थलों से लेकर घरों, गांवों, संस्थानों, कार्यस्थलों और अन्य सामुदायिक स्थानों तक विस्तारित हो।

<><><><><><><><>